दिनांक : 08.05.2026 समय : 07.10PM

आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार

- सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 साल पूरे, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को करेंगे दर्शन-पूजन, अगले एक हजार दिनों तक होंगी विशेष प्रार्थनाएं ।
- पश्चिम बंगाल में भाजपा विधायक दल की बैठक में सुवेंदु अधिकारी के नाम पर मुहर, कल ब्रिगेड परेड ग्राउंड में लेंगे शपथ ।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दिल्ली में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से की मुलाकात ।
- देशभर में घरेलू एलपीजी आपूर्ति पूरी तरह सामान्य, वाणिज्यिक आपूर्ति 70 प्रतिशत बहाल ।

**पीएम मोदी- सोमनाथ**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को गुजरात के सोमनाथ मंदिर जाएंगे, जहां पुनर्निर्मित मंदिर के उद्घाटन के 75 साल पूरे होने का जश्न मनाया जाएगा। देश के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने 11 मई 1951 को इस मंदिर का उद्घाटन किया था। श्री मोदी ने एक अखबार में लिखे लेख में कहा कि सोमनाथ भारत की सभ्यतागत ताकत का प्रतीक है और यह मंदिर बताता है कि आस्था और संस्कृति बार-बार के हमलों के बावजूद जिंदा रहती है। उन्होंने सरदार पटेल को याद करते हुए कहा कि पटेल इस मंदिर के पुनर्निर्माण को राष्ट्रीय कर्तव्य मानते थे, और अब मंदिर के गौरवशाली इतिहास को सम्मान देने के लिए अगले एक हजार दिनों तक विशेष प्रार्थनाएं होंगी।

**बंगाल- सुवेंदु अधिकारी सीएम**

पश्चिम बंगाल में भाजपा की ऐतिहासिक जीत के बाद कोलकाता में आयोजित विधायक दल की बैठक में सुवेंदु अधिकारी को विधायक दल का नेता चुना गया है। बैठक के बाद केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने उनके नाम का ऐलान किया।

सुवेंदु अधिकारी ने इस चुनाव में ममता बनर्जी को उनके गृह क्षेत्र भवानीपुर से हराया है और नंदीग्राम से भी लगातार दूसरी बार जीत दर्ज की है। सुवेंदु अधिकारी कल कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में सुबह 10 बजे मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी समेत एनडीए के कई बड़े नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है।

**मोहन यादव- नितिन नबीन से की मुलाकात**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से उनके निवास पर भेंट की। इसके अलावा उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से भी शिष्टाचार भेंट कर उन्हें पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट किया। दोनों नेताओं ने संगठनात्मक मामलों और आगामी राजनीतिक रणनीति पर चर्चा भी की।

**गैस आपूर्ति**

केंद्र सरकार का कहना है कि देशभर में घरेलू एलपीजी की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और किसी भी वितरक पर गैस की कमी की कोई रिपोर्ट नहीं है। पेट्रोलियम मंत्रालय की सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि वाणिज्यिक आपूर्ति करीब 70 प्रतिशत तक बहाल हो चुकी है और प्रवासी श्रमिकों के लिए 5 किलोग्राम के सिलेंडरों की आपूर्ति भी बढ़ा दी गई है। मार्च से अब तक 6 लाख से अधिक पीएनजी कनेक्शन चालू किए जा चुके हैं और देश में कहीं भी पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं है।

**राज्यपाल- विश्व रेडक्रॉस दिवस**

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने विश्व रेडक्रॉस दिवस पर भोपाल में आयोजित 'सेवा सम्मान समारोह' में शिरकत की । इस मौके पर राज्यपाल ने कहा कि दीन-दुखियों की सेवा ही ईश्वर की सेवा है और रेडक्रॉस के सात मूल सिद्धांत जीवन जीने के सच्चे मार्गदर्शक हैं। उन्होंने सदस्यों से अपील की कि वे दूरस्थ ग्रामीण इलाकों में जाकर जरूरतमंदों की मदद करें और हर सदस्य कम से कम 5 लोगों को रेडक्रॉस से जोड़े।

**प्रदेश में गेहूं खरीदी**

प्रदेश में अब तक 9 लाख से अधिक किसानों से 53.40 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी हो चुकी है और करीब 9500 करोड़ रुपए का भुगतान सीधे किसानों के खातों में किया जा चुका है। इस वर्ष गेहूं का समर्थन मूल्य 2585 रुपए प्रति क्विंटल के

साथ 40 रुपए बोनस मिलाकर किसानों को कुल 2625 रुपए प्रति क्विंटल का भाव मिल रहा है। राज्य सरकार ने खरीदी की अंतिम तिथि बढ़ाकर 23 मई 2026 कर दी है और उपार्जन केंद्रों पर तौल पर्ची बनाने का समय भी रात 10 बजे तक कर दिया गया है।

**उपमुख्यमंत्री विकास कार्य बैठक**

उपमुख्यमंत्री एवं शहडोल जिले के प्रभारी मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने आज बाणसागर सर्किट हाउस में जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा की। श्री शुक्ल ने शहडोल-उमरिया मार्ग और विजयसोता पुल निर्माण में अपेक्षित प्रगति न होने पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने नर्सिंग कॉलेज, स्वास्थ्य केंद्रों, सांदीपनि विद्यालय और जर्जर शासकीय विद्यालयों की मरम्मत जल्द पूरी करने के निर्देश दिए।

**पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना**

प्रदेश में 'पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' के तहत अब तक 1 लाख 21 हजार 392 घरों पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं। केंद्र सरकार द्वारा इसके लिए 847 करोड़ रुपए से अधिक का अनुदान दिया गया है। ऊर्जा विकास निगम के एमडी अमनबीर सिंह बैंस ने बताया कि अच्छा काम करने वाले वेंडरों को सम्मानित किया जाएगा, जबकि लापरवाह वेंडरों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

**आकाशवाणी के 90 साल**

आकाशवाणी की सेवा के 90 साल पूरे होने के जश्न में आज नई दिल्ली में साढ़े तीन किलोमीटर की मैराथन दौड़ आयोजित की गई। यह दौड़ आकाशवाणी भवन से शुरू होकर कृषि भवन, रेल भवन और रिजर्व बैंक होते हुए वापस आकाशवाणी भवन पर ही खत्म हुई। इसी तरह की एक दौड़ भोपाल स्थित आकाशवाणी के दफ्तर से भी सुबह में आयोजित की गई।

**रेलवे का सुरक्षा कवच**

रेलवे ने स्वदेशी तकनीक से बनी कवच ट्रेन सुरक्षा प्रणाली को उत्तर रेलवे के अहम रूटों पर लगाने की मंजूरी दे दी है, जिस पर करीब 362 करोड़ रुपए खर्च होंगे। फिरोजपुर डिवीजन के एक हजार किलोमीटर और जम्मू डिवीजन के 446 किलोमीटर रूट पर यह सिस्टम लगाया जाएगा, जिसमें जालंधर-जम्मू तवी-कटरा, बटाला-

पठानकोट और बनिहाल-बारामूला जैसे महत्वपूर्ण खंड शामिल हैं। कवच एक स्वदेश निर्मित स्वचालित सुरक्षा प्रणाली है, जो खतरे की स्थिति में ट्रेन में अपने आप ब्रेक लगाकर टक्कर और दुर्घटना को रोकती है।

**MP में शिक्षक प्रशिक्षण कोर्सों में प्रवेश की तारीखें जारी**

राज्य शिक्षा केंद्र ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए बी.एड., डी.एल.एड., एम.एड. समेत विभिन्न शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में प्रवेश की समय-सारणी जारी कर दी है। इच्छुक अभ्यर्थी rsk.mponline.gov.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, जिसमें डी.एल.एड. के लिए 15 मई से, बी.एड. के लिए 25 मई से और एम.एड. के लिए 1 जून से आवेदन शुरू होंगे।

**आईपीएल**

कुछ ही देर बाद आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच मुकाबला होगा। यह मैच दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा। वहीं कल रात लखनऊ में बारिश से बाधित मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 9 रन से मात दी। मिचेल मार्श की शानदार बल्लेबाजी ने उन्हें मैन ऑफ द मैच का खिताब दिलाया।

**मौसम**

प्रदेश में एक बार फिर मौसम बिगड़ने वाला है। मौसम विभाग ने प्रदेश के उत्तरी व पूर्वी हिस्सों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छिंदवाड़ा और पांढुर्णा में आज तेज आंधी के साथ ओले गिरने की प्रबल संभावना है, जिससे किसानों की फसल को नुकसान हो सकता है। वहीं छतरपुर, दमोह, पन्ना, सतना, रीवा और सीधी समेत कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

**संक्षिप्त समाचार**

- केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया 10 मई को गुना आएंगे और कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।
- प्रदेशभर में कल नेशनल लोक अदालत लगेगी, जहाँ बिजली बिल, बैंक रिकवरी, तलाक, सड़क हादसे और चेक बाउंस जैसे पुराने मामलों का आपसी सहमति से जल्द निपटारा किया जाएगा।

- अशोकनगर के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला ने जिला अस्पताल का अचानक दौरा कर ICU में भर्ती मरीजों का हालचाल जाना।

- आगरमालवा के कम्पनी गार्डन में जिला बैठक हुई जिसमें अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री, सांसद और संभाग प्रभारी शामिल रहे।

- शिवपुरी में जनगणना 2027 के काम में लापरवाही करने वाले 12 कर्मचारियों और अफसरों को नोटिस थमाया गया।

- शहडोल में वन विभाग तेंदूपत्ता तोड़ने वालों को जंगली जानवरों से बचाव के तरीके बता रहा है और अच्छे पत्ते तोड़ने के लिए प्रेरित कर रहा है।

- खंडवा के खालवा में जनगणना का काम तेजी से किया जा रहा है। 100 फीसदी काम करने वाले कर्मचारियों की तारीफ की गई।

- बैतूल कलेक्टर डॉ. सौरभ सोनवणे को सशस्त्र सेना झंडा दिवस में लक्ष्य से ज्यादा चंदा जुटाने पर राज्यपाल ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

- झाबुआ कलेक्टर ने कन्या स्कूल पहुँचकर 12वीं बोर्ड परीक्षा की तैयारियों का जायजा लिया।

- प्रदेश उर्दू अकादमी की तरफ से 11 मई को शाम 7 बजे उज्जैन के अभिरंग नाट्यगृह में सूफी सम्मेलन होगा।

- प्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग की नई अध्यक्ष बनी डॉ. निवेदिता शर्मा ने आज पद संभाला।

- इंदौर के वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व विधायक अश्विनी जोशी का आज 66 साल की उम्र में निधन हो गया, वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे।

------------------------